भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
विधि कार्य विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं 2146
जिसका उत्तर शुक्रवार, 10 दिसम्बर, 2021 को दिया जाना है

अधिकरणों में रिक्तियां

2146. **श्री पिनाकी मिश्रा :**

क्या **विधि और न्याय मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नवम्बर, 2021 से विभिन्न अधिकरणों में अधिकरण-वार रिक्तियों की संख्या कितनी है ;

(ख) इन अधिकरणों में रिक्तियों को भरने/नियुक्ति करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं ; और

(ग) सभी रिक्त पदों को भरने के लिए अधिकरण-वार कब तक नियुक्ति किए जाने की संभावना है ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्री
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (ग) : तीन अधिकरणों के बारे में वर्तमान में उपलब्ध सूचना के अनुसार यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित रिक्त पद हैः-

राजस्व विभाग के अधीन अधिकरणों की रिक्त पदों की प्रास्थिति निम्नानुसार हैं			
अधिकरणों की संख्या	पद का नाम	स्वीकृत पद	रिक्तियां
सीईएसटीएटी	अध्यक्ष	1	0
	सदस्य (न्यायिक)	16	6
	सदस्य (तकनीकी)	16	11
एटी(एसएएफईएमए)	अध्यक्ष	1	1
	सदस्य	4	4

आयकर अपील अधिकरण (आईटीएटी) में लेखाकार सदस्यों के 29 पद रिक्त है और न्यायिक सदस्यों के 28 पद रिक्त है । इन रिक्तियों के संबंध में 22 नामों की सिफारिशें नियुक्ति के लिए अनुमोदित की जा चुकी है और सभी 22 सिफारिशी अभ्यर्थियों को प्रस्ताव जारी कर दिए गए हैं ।

अधिकरणों में सदस्यों, अध्यक्ष के रिक्त पदों को भरे जाने की चयन प्रक्रिया एक सतत् प्रक्रिया है और इसे सीईएसटीएटी में सदस्यों के रिक्त पदों के लिए और अपील अधिकरण(एसएएफईएमए) में अध्यक्ष और सदस्यों के रिक्त पदों के लिए आरंभ कर दिया गया है ।

****